# राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर

सी–7(ए) सुल्तान हाउस सवाई जयसिंह हाईवे बनीपार्क जयपुर –302016
Website : rajasthanparamedicalcouncil.org, Contact : 0141-2973804
Email-id pmcrajasthangov.in@gmail.com, Contact : 0141-4004914


क्रमांकःपैरामेडि.कौं / मान्यता / 2022 / 256 दिनांक :– 12/04/2022

## –:: आदेश ::–

संयुक्त शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (ग्रुप–3) विभाग के पत्र क्रमांक प.16(1) चिस्वा./ ग्रुप–3 / 2021 जयपुर दिनांक 10.12.2021 से Dana Shivam Paramedical College, Plot No.28 B, Metro Pilar No. 86, Vivek Vihar Metro Station, Jaipur एवं Krishna Paramedical College, Plot no. 25 Goverdhan Colony Metro Pilor no. 88 Vivek Vihar Near Metro Station New Sanganer Road Sodala, Jaipur दोनो के विरूद्ध संयुक्त रूप से श्री विकास चौधरी के द्वारा शिकायती पत्र प्राप्त होने पर संस्थान को शिकायत की प्रति क्रमशः पत्र क्रमांक क्रमशः 633, 634 दिनांक 27.12.2021 द्वारा प्रेषित कर बिन्दुवार टिप्पणी चाही गई।

उपरोक्त दोनो संस्थानो हेतु एक ही व्यक्ति श्री अशोक कुमावत ने पत्र दिनांक 29.12.2021 प्रेषित कर शिकायत निराधार बताई। इस पर संस्थानो को सूचना निधारित विवरण प्रपत्र 05 में एवं सम्पूर्ण दस्तावेजात् प्रस्तुत करने हेतु पत्र दिनांक 25.02.2022 एवं 04.03.2022 तथा अंतिम पत्र दिनांक 07.04.2022 को प्रेषित किये जाने के बावजूद शिकायत निराधार होने के संबध में कोई दस्तावेजात एवं प्रपत्र 05 में सूचना प्रेषित नहीं की गई। दिनांक 07.04.2022 को प्रेषित अंतिम पत्र का भी संस्थानो ने कोई जवाब आज दिनांक तक प्रस्तुत नहीं किया गया।

उक्त दोनो संस्थानो की वास्तविक स्थिति की जॉच करने हेतु इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 86 दिनांक 27.01.2022 के द्वारा डॉ. मनोज कुमार सोनी व डॉ. लक्ष्मीकांत गोयल को संस्थान की जॉच कर जॉच रिपोर्ट मय विडियोग्राफी सी.डी. सहित उपलब्ध कराने हेतु नियुक्त किया गया।

उपरोक्त दोनो निरीक्षको द्वारा संस्थान का निरीक्षण कर जॉच रिपोर्ट दिनांक 17.02.2022 में शिकायत के निम्नलिखित बिन्दुओ को सही पाया :–

1. दोनो संस्थानो का स्वंय का भवन उपलब्ध नहीं होना।
2. दोनो संस्थानो में निर्धारित प्रशिक्षित योग्यताधारी स्टॅाफ का उपलब्ध नहीं होना।
3. Krishna Paramedical College, का संचालन 25 Goverdhan Colony Sodala, Jaipur में ही किया जा रहा है, जिसमें सुरेन्द्र बाल भारती सी.सै. स्कुल एवं एक बैंक का संचालन भी एक ही भवन में किया जा रहा है। भूतल पर स्कूल एवं एक बैंक संचालित है, स्कूल का दूसरा भवन Plot No.28 B, Metro Pilar No. 86, Vivek Vihar Metro Station, Jaipur जिसमें दानाशिवम पैरामेडिकल कॉलेज संचालित है, के भूतल में भी विस्तार है। दोनो पैरामेडिकल कॉलेज के भवन एक दूसरे से पृष्टभाग से जुडे हुये है, तथा प्रत्येक तल पर दोनो में आसानी से एक दूसरे में पृष्टभाग से आवागमन किया जा सकता है। दोनो पैरामेडिकल कॉलेज में पैरामेडिकल कौंसिल के नियमानुसार आवश्यक साईज के कक्षाकक्ष नहीं है। ना ही प्रयोगशाला है, प्रयोगशाला में उपकरण भी अप्रर्याप्त है। दानाशिवम पैरामेडिकल कॉलेज का द्वार पतली गली है, ओर गली में कचरा भी पडा हुआ था, जो यह दर्शा रहा था कि इसका उपयोग नहीं किया जाकर दोनो भवनो में प्रवेश एक ही द्वार से होता है। दोनो भवनो में पार्किंग की भी सुविधा उपलब्ध नही पाई गयी।
4. उपरोक्त के अतिरिक्त दोनो कॉलेजो के प्रधानाचार्य को क्रमशः पैरामेडिकल कौंसिल का Dana shivam Paramedical College को प्रेषित पत्र 633 दिनांक 27.12.2021 तथा पत्रांक 167 दिनांक 25.02.2022 स्मरण पत्र 183 दिनांक 04.03.2022 एवं Krishna Paramedical College को प्रेषित पत्र क्रमांक 634 दिनांक 27.12.2021 तथा पत्रांक 166 दिनांक 25.02.2022 स्मरण पत्र 184 दिनांक 04.03.2022 दोनो कॉलेजो के पत्रो का प्रतिउत्तर एक ही प्रधानाचार्य श्री अशोक कुमावत द्वारा दिया जाना भी यह प्रमाणित करता है कि दोनो कॉलेजो को एक ही

व्यक्ति संचालित कर रहा है तथा प्रधानाचार्य भी एक ही है, जोकि नियमो के प्रतिकूल है। उपरोक्त तथ्य भी शिकायत को प्रमाणित करते है।

5. श्री अशोक कुमावत द्वारां दिनांक 30.03.2022 को निदेशक प्रांस हैल्थ केयर इंण्ड. प्रा.लि. की हैसियत से शपथ पत्र दिया जाकर कथन किया है कि दाना शिवम पैरामेडिकल कॉलेज को स्वंय के भवन में संस्थान को शिफ्ट कर लिया है। परन्तु दाना शिवम पैरामेडिकल कॉलेज स्वंय के भवन होने का कोई दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया। इसी प्रकार संजना देवी ने कृष्णा पैरामेडिकल कॉलेज के निदेशक पद की हैसियत से शपथ पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि कृष्णा पैरामेडिकल कॉलेज को स्वंय के भवन में संस्थान को शिफ्ट कर लिया है। परन्तु कृष्णा पैरामेडिकल कॉलेज स्वंय के भवन होने का कोई दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया। बल्कि उपरोक्त दोनो कॉलेजो के पते में कुछ शब्दो का हेरफेर कर गुमराह करने का प्रयास किया गया।

**उपरोक्त विवेचन से श्री विकास चौधरी द्वारा प्रस्तुत शिकायत के उपरोक्त बिन्दुओ पर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के पास जॉच रिपोर्ट पर अविश्वास किये जाने का कोई आधार नहीं होने से शिकायत प्रमाणित होने के फलस्वरूप एवं राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल नियम/विनियम 2014, 2015 के प्रावधानो का उल्लंघन संस्थानो द्वारा किया जाना प्रमाणित है।**

**अतः प्रथमतः उपरोक्त वर्णित दोनो संस्थानो क्रमशः Krishna Paramedical College, Jaipur एवं Dana Shivam Paramedical College, Jaipur में आगामी शैक्षणिक सत्र 2021–22 से संचालित सभी पैरामेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रमो में छात्रो के प्रवेश आवंटन पर अस्थाई रूप से रोक लगाई जाती है।**

(कैलाश नारायण मीना)
R.A.S.
रजिस्ट्रार

क्रमांकःपैरामेडि.कौं/मान्यता/2022/256 दिनांकः– 12/04/2022

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. संयुक्त सचिव, (एसएके),मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री कार्यालय जयपुर को उनके पत्र क्रमांक 69393 दिनांक 05.10.2021 के क्रम में।
2. संयुक्त शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (ग्रुप–3) विभाग, जयपुर को पत्र क्रमांक प.16(1) चिस्वा./ग्रुप–3/2021 जयपुर दिनांक 10.12.2021 के क्रम में।
3. Principal, Krishna Paramedical College, Plot no. 25 Goverdhan Colony Metro Pilor no. 88 Vivek Vihar Near Metro Station New Sanganer Road Sodala, Jaipur.
4. Principal, Dana Shivam Paramedical College, Plot No.28 B, Metro Pilar No. 86, Vivek Vihar Metro Station, Jaipur.
5. काउन्सलिंग शाखा/लेखा/संस्थापन/विधि/परीक्षा अनुभाग कार्यालय हाजा को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
6. प्रभारी सर्वर रूम को भेजकर लेख है कि उक्त आदेश को कार्यालय की वैबसाईट पर आज ही अपलोड करे।
7. कार्यालय प्रति।

रजिस्ट्रार